# दिल्ली विकास प्राधिकरण

**एनआईटी सं.21/ईई/एसईडी–9/दिविप्रा/ए/05–06**

**एनआईटी सं.32/एफओ/सीई/एसईजैड/दिविप्रा/06–07**

दिल्ली विकास प्राधिकरण इच्छुक अनुभवी प्रतिष्ठानों जो किसी फर्म, कंपनी, संयुक्त उद्यम अथवा संघ, एन.जी.ओ., सार्वजनिक टॉयलेटों के निर्माण, रखरखाव और प्रबंधन से जुड़े स्वैच्छिक एसोसिएट या अन्य कार्पोरेट एसोसिएट हो सकते हैं, से स्वीकृत रेखांकनों के अनुसार बी.ओ.टी. आधार पर इंद्रप्रस्थ पार्क, गेट नं. 1 एवं 4 पर दो नग टॉयलेटों तथा लाला लाजपत राय मेमोरियल पार्क, लाजपत नगर–2 में एक नग टॉयलेट के निर्माण तथा उसके बाद उनके रखरखाव के लिए पूर्ण पैकेज के रूप में तकनीकी एवं वित्तीय मूल्य पुनःआमंत्रित करता है।

बोलीदाता तीन दीवारों और प्रत्येक दीवार का 30 प्रतिशत क्षेत्र विज्ञापन संभावना हेतु प्रयोग कर सकता है। आरंभ में यह अनुबंध 5 वर्षों की अवधि के लिए होगा जिसे परस्पर सहमत नियमों एवं शर्तों पर आगे पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

वांछित अनुभव, वित्तीय, तकनीकी और प्रबंधन क्षमताएं रखने वाले इच्छुक प्रतिष्ठान कार्यालयः ईई/एसईडी–9/दिविप्रा/एजीवीसी/नई दिल्ली में दिनांक **04.04.2007** तक सभी कार्यदिवसों में **प्रातः 11.00 बजे** से **अप. 3.00 बजे** के बीच वरि. ए.ओ. (सीएयू/एसईजैड)/दिविप्रा/न.दि. के नाम में देय, दिल्ली आधारित किसी प्रतिष्ठित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/पे–आर्डर के रूप में **रु. 5,000/–** (रु. पांच हजार मात्र) की अप्रतिदेय राशि और **रु. 2,00,000/–** की धरोहर राशि जमा कर नियमों एवं शर्तों तथा स्थापत्यिक रेखांकनों सहित निविदा दस्तावेजों के लिए आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेजों की खरीद से पहले कार्यालयः ईई/एसईडी–9/दिविप्रा/एजीवीसी/नई दिल्ली में देख सकते हैं।

तकनीकी और वित्तीय मूल्य पृथक मोहरबंद लिफाफों में जमा किए जाएंगे। दोनों लिफाफों पर ''तकनीकी मूल्य'' और ''वित्तीय मूल्य'', एनआईटी सं. और तिथि अंकित की जानी चाहिए और फिर उन्हें उपरोक्त कार्य लिखे एक अलग लिफाफे में रखा जाना चाहिए।

तकनीकी एवं वित्तीय मूल्य दिनांक **10.04.2007 अप. 3.00 बजे** तक कार्यालयः ईई/एसईडी–9/दिविप्रा/एजीवीसी/न.दि. में स्वीकार किए जाएंगे। तकनीकी मूल्य उसी दिन **अप. 3.30 बजे** बोलीदाताओं, यदि कोई उस समय उपस्थित हो, की उपस्थिति में खोले जाएंगे।

उसके बाद केवल उन बोलीदाताओं के वित्तीय मूल्य खोले जाएंगे जिन्हें तकनीकी मूल्यों में योग्य पाया जाता है। उसकी तिथि एवं समय अलग से सूचित की जाएगी। सर्वोच्च बोलीदाता जिसकी बोली स्वीकार्य होगी, दिविप्रा के नाम में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से चार वर्षों के लाइसेंस शुल्क के समकक्ष न्यूनतम राशि की बैंक गारंटी जमा करेगा जो कि अनुबंध की समाप्ति के बाद लौटा दी जाएगी।

**कृपया डीडीए की वेबसाईट 'dda.org.in' अथवा 42895566" पर संपर्क करें**